nandgaon times April-24-4.qxd 4/24/2025 12:00 AM Page 1

मरार समाज के आदर्श विवाह में 14 जोड़े... पृष्ठ 2 | आस्था मूक बधिर शाला में हरिहार... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स



नोट : मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।
श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर
उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।
ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।
मो: 98274-61508, 83192-88559

गुरूवार, 24 अप्रैल 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 184, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# सीएमएआई के साथ हुआ एमओयू, देश का नया टेक्सटाइल हब बनेगा छत्तीसगढ़

## मुख्यमंत्री साय मुंबई में आयोजित सीएमएआई फैब शो 2025 में हुए शामिल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित सीएमएआई फैब शो 2025 में भाग लेकर राज्य में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने निवेशकों और टेक्सटाइल क्षेत्र से जुड़े उद्योगपतियों से संवाद कर छत्तीसगढ़ में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा हमने वस्त्र उद्योग क्षेत्र में निवेश के नए द्वार खोले हैं। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएमएआई (क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के साथ एमओयू भी साइन किया है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ ने वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर में एक उभरता हुआ केंद्र बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हमने कैबिनेट में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइन के संस्थान को नवा रायपुर में खोलने की मंजूरी दी है। 271 करोड़ रुपए की लागत से तैयार होने वाले इस संस्थान से छत्तीसगढ़ में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ में चांपा की कोसा साड़ियां अपने शिल्प में बेमिसाल हैं। सीएमएआई से एमओयू और निफ्ट की स्थापना से चांपा के कोसा जैसे वस्त्रों की ब्रांडिंग, प्रमोशन में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कपड़ा उद्योग प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण स्वरोजगार, तकनीक और कौशल विकास से जुड़ा है। नई औद्योगिक नीति में हमने इन सभी सुविधाओं का ख्याल रखते हुए, टैक्सटाइल सेक्टर से जुड़े एमएसएमई को बढ़ावा देने का प्रयास किया है। हम 1000 से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले उद्यमों को विशेष अनुदान दे रहे हैं। 100 करोड़ के इन्वेस्टमेंट में 252 करोड़ की प्रतिपूर्ति हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। टेक्सटाइल के क्षेत्र में देश में इतनी अच्छी पॉलिसी किसी भी राज्य में नहीं है। इसका



लाभ कपड़ा उद्योग से जुड़े छोटे और मझोले उद्यमों को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में उद्यम शुरू करने पर विशेष रियायतें दी गई हैं। उन्होंने कहा सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ डूइंग बिजनेस की नीतियों के चलते बहुत तेजी से निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी जा रही है। ईज ऑफ डूईंग बिजनेस से अब हम स्पीड और बिजनेस की ओर बढ़ चुके हैं। हमने 350 से अधिक रिफार्म्स किये हैं और निवेश का वातावरण बेहद सहज कर दिया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ के स्टॉल का अवलोकन भी किया और जानकारी ली। उन्होंने बताया कि हमारे पारंपरिक हस्तशिल्प को टेक्सटाइल उद्योग से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध सिंह, सचिव श्री राहुल भगत, उद्योग विभाग के सचिव श्री रजत कुमार, संचालक श्री प्रभात मलिक, सीएसआईडीसी के प्रबंध संचालक श्री अभिषेक अग्रवाल सहित कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने बताया सेंट्रल इंडिया की हमारी लोकेशन आपको देश भर में सबसे अच्छी कनेक्टिविटी उपलब्ध कराती है। इसी साल से रायपुर एयरपोर्ट में कार्गो की सुविधा आरंभ हो गई है। हमारे यहां 48 हजार करोड़ रूपए की कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं पर काम चल रहा है। रेल्वे नेटवर्क के विस्तार का सबसे अधिक लाभ उद्योग जगत को मिलेगा। रायपुर से विशाखापट्नम तक एक्सप्रेस वे का निर्माण तेजी से हो रहा है। विशाखापट्नम जैसे पोर्ट से हमारी सीधी कनेक्टिविटी रायपुर में बिजनेस को बहुत विस्तार देगी। मुख्यमंत्री ने कहा टैक्सटाइल इंडस्ट्री को स्किल्ड मैनपावर भी चाहिए। प्रदेश के आईटीआई में टेक्नालॉजी और इनोवेशन पर आधारित एडवांस कोर्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे टैक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए भी प्रशिक्षित युवा तैयार हो रहे हैं। हमारे यहां आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी तथा नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान हैं जिससे दक्ष मानव संसाधन इंडस्ट्री के लिए उपलब्ध हैं।

# मानव तस्करी पर शरद श्रीवास्तव ने दिया प्रशिक्षण

## 108 महिला नव आरक्षक व प्रधान आरक्षक हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में आरक्षक और प्रधान आरक्षकों के लिए आयोजित इन सर्विस कोर्स अंतर्गत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें मानव तस्करी विषय पर बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव रिसोर्स व्यक्ति के रूप में उपस्थित रहकर प्रशिक्षण दिया.

इन सर्विस कोर्स अंतर्गत आयोजित प्रशिक्षण में राजनांदगांव रेंज के बारह प्रधान आरक्षक और सौ महिला नव आरक्षक सहित कुल 108 प्रतिभागी शामिल हुए. प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित शरद श्रीवास्तव ने मानव तस्करी की परिभाषा सहित विभिन्न प्रकार जैसे यौन तस्करी, श्रम तस्करी, बाल तस्करी एवं अंग तस्करी पर विस्तार से जानकारी दी. प्रशिक्षक द्वारा मानव तस्करी की वैश्विक प्रवित्तियां और आंकड़े पर भी प्रतिभागियों से चर्चा की गयी. श्री श्रीवास्तव ने बताया कि मानव तस्करी रोकथाम हेतु सबसे महत्वपूर्ण कदम जन जागरूकता है, लोगों को शिक्षित और जागरूक करके ही मानव तस्करी के प्रकरणों में कमी लायी जा सकती है. इस हेतु शिक्षा और जागरूकता अभियान, कानूनी ढांचे का निर्माण, सरकारी और गैर सरकारी सहयोग, कार्यशालाएं और सेमिनार सहित आर्थिक विकास कार्यक्रमों से लोगों को विशेषकर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को जोड़ना आवश्यक है. प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित बाल आयोग के पूर्व सदस्य शरद श्रीवास्तव ने बताया कि मानव तस्करी का मुख कारण जानकारी का अभाव, शिक्षा की कमी और आर्थिक पिछड़ापन है. प्रशिक्षण के दौरान मानव तस्करी रोकथाम में पुलिस की भूमिका पर विस्तार से चर्चा किया गया. इस अवसर पर निरीक्षक विक्रम बघेल और उप निरीक्षक जाकिर अली विशेष रूप से उपस्थित थे.

# सन सिटी में फुटबाल मेला 24 से 26 अप्रैल तक...

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सन सिटी परिवार एवं पंजाब नेशनल बैंक के संयुक्त तत्वाधान में बास्केटबॉल ग्राउंड परिसर में पहली बार तीन दिवसीय 5 आ साईड फुटबाल लीग का आयोजन होने जा रहा है, जिसमें सन सिटी के बच्चों तथा खिलाड़ियों की कुल 6 टीम भाग लेगी, अध्यक्ष आनंद चोपड़ा ने बताया कि इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में बहुत उत्साह व जोश है, इसके मुख्य प्रायोजक पंजाब नेशनल बैंक है। और इस मैच के मुख्य अतिथि विरेन्द्र कुमार शर्मा मंडल प्रमुख मंडल कार्यालय रायपुर एवं अध्यक्षता पी अरूण कुमार राव उप अंचल प्रमुख अंचल कार्यालय रायपुर पंजाब नेशनल बैंक होंगे। फुटबाल लीग के संयोजक यश सोनी, आरव गोयल होंगे इनके सहयोगी तनय संचेती शुभ मानेक सम्राट माहेश्वरी लक्ष्य खंडेलवाल अमितोज सिंह लक्ष्य मिठीया होंगे। 6 टीमें इस प्रकार हैं रॉयल किड्स कॉन्वेंट, सुपर स्ट्राइकर्स, पतंजलि मेगा स्टोर्स, आर के ट्रेडर्स, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया इन सभी टीमों के ऑनर्स अभिषेक खंडेलवाल, राजेश सूरज सोनी, प्रवीण गुप्ता, सौरभ खंडेलवाल, इंद्र कुमार देव, श्रीमती भारती झा होंगे। टूर्नामेंट की तैयारी जोरशोर से चल रही है। फुटबाल लीग के लिए सन सिटी परिवार से अतुल चोपड़ा,सुशील माहेश्वरी, राजेश डागा,कुणाल शर्मा,दीपक पटेल सभी का अपार सहयोग मिल रहा है। फुटबाल लीग प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह व पुरस्कार वितरण हेतु संयोजन की जिम्मेदारी दीप्ति बिंदल पिंकी माहेश्वरी रितिका तिवारी नीलम सोनी को दी गई है। यह जानकारी पीआरओ मनीष साहिता योगेश कोटक द्वारा दी गई।



# युवा नेतृत्व का आगाज सरपंच संघ चुनाव सम्पन्न, पुष्पेंद्र भूआर्य बने अध्यक्ष

**मोहला/ मानपुर (नांदगांव टाइम्स)।** सरपंच संघ का चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। चुनाव प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद हेतु लॉट के माध्यम से चयन किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत बोगाटोला के सरपंच पुष्पेंद्र भूआर्य को अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति से दो सरपंचों का चयन किया गया—ग्राम पंचायत शेरपार की सरपंच जया मंडावी और ग्राम पंचायत मोहला के सरपंच गजेंद्र पूरामे को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव पद के लिए ग्राम पंचायत पाटन खास के सरपंच संतोष पुड़ो को मनोनीत किया गया। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत कोड़ेमरा के सरपंच असवन छेददया को दी गई। मीडिया प्रभारी के रूप में ग्राम पंचायत पेदाकोड़ों के सरपंच मनीष मुलेटी को चुना गया। चुनाव प्रक्रिया के बाद नव-निर्वाचित पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत बनाने और आगामी रणनीतियों पर चर्चा की गई। बैठक में कई अहम और गोपनीय मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ, जिससे आने वाले समय में सरपंच संघ की भूमिका को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। यह चुनाव न केवल नेतृत्व चयन का माध्यम बना, बल्कि सरपंचों के बीच समन्वय, संवाद और एकजुटता की मिसाल भी प्रस्तुत की। संघ के नए नेतृत्व से ग्रामीण विकास के कार्यों में गति आने की उम्मीद जताई जा रही है। सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सरपंच समुदाय द्वारा बधाई दी गई और उनके सफल कार्यकाल की कामना की गई। वही पांचवीं अनुसूची क्षेत्र मोहला में क्षेत्रवासियों को सरपंच और सरपंच संघ से काफी उम्मीदें हैं। ग्रामीणों का कहना है क्षेत्र में चौमुखी विकास जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और मूलभूत समस्याओं को लेकर निरंतर काम करें। साथ ही सरपंच सरकार की योजनाओं के साथ साथ अलग तरीके से अपने पंचायतों को एक आइडियल पंचायत बनाए। गर्मी को ध्यान देते हुए उचित जल संरक्षण, पानी की उपलब्धता, जल बरबादी की रोकथाम साथ ही बारिश से पहले नदी, नाले में पानी को रोकने की व्यवस्था और तालाबो की गाद निकासी व 1972 की अधूरे बांध को पूरा करने की मांग में प्रमुखता से काम करें। क्षेत्र में निरंतर बढ़ रहे क्राइम को कम करने में नशा सबसे बड़ा कारक बनते जा रहा है, ऐसे में पंचायत स्तर पर ही निगरानी समिति बनाए पीने वालों और पिलाने वालों को समझाए व जागरूक करें जरूरत पड़ने पर कार्यवाही भी करें। जिससे गांव स्तर पर ही क्राइम में कमी लाया जा सके। दूसरी ओर पांचवीं अनुसूची क्षेत्र के विचारकों का कहना है कि बाहर से आकर गांव में निवास करने वालों की पूरी जानकारी रखे व निवास प्रमाण पत्र जारी करने से पहले उचित जांच करे। साथ ही पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आदिवासी अधिकारों की किसी भी तरीके से हनन को रोकने में आगे आए। चूंकि आदिवासी क्षेत्र में आबादी के अनुसार ही प्रतिनिधित्व का मौका मिलता है, अगर आदिवासियों की आबादी कम होती है, तो पांचवीं अनुसूची क्षेत्र का अधिकार छीन सकता है और आने वाले समय में सरपंच, वार्ड पंच से लेकर विधायक जैसे प्रतिनिधित्व करने का मौका छीन सकता है। ऐसे में बाहरी प्रवेश के रोकथाम और गांव स्तर को मजबूत बनाए में उचित कदम सरपंच और सरपंच संघ को उठाने की जरूरत है।



# नगर पंचायत पटरी से उतरी, कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नही, पुराने पार्षदों का मानदेय रूका

## सभी तरह के भुगतान अटकने से हाहाकार की स्थिती, नगर पंचायत की स्थिती आमदानी चवन्नी और खर्चा रूपैया, जरूरत के कामो के लिए पैसे नही

**अंबागढ़ चौकी( नांदगांव टाइम्स)।** मोहला मानपुर अंबागढ चौकी की एक मात्र नगरीय निकाय नगर पंचायत अंबागढ चौकी पटरी से उतर गई है। निकाय की माली हालत इतनी खराब है कि कर्मचारियो को वेतन देने के लाले पड गए है। नियमित कर्मचारियो को फरवरी माह से वेतन नही मिला है। पार्षदों को मानदेय लेने के लिए सालो से चक्कर काटना पड रहा है। यंहा तक सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियो का पेंशन के लिए सालो से अंशदान राशि जमा नही हुआ है और तो और प्लेसमेंट व नियमित कर्मचारियो की कई वर्षो से कर्मचाारी भविष्य निधि व पेंशन अनुदान राशि ही जमा नही हुआ है।

नगर पंचायत अंबागढ चौकी विकास ही नही आर्थिक स्थितियो के मामले में भी काफी पिछड गई है। निकाय में चारो तरफ हाहाकार की स्थिती है। नई परिशद के सामने निकाय की स्थिती को ठीक करने के साथ पेयजल, स्वच्छता, प्रकाश, सडक सहित अन्य मूलभूत सुविधाओ को पटरी पर लाने के लिए कठिन चुनौतियो का सामना करना पडेगा। नगर पंचायत की आर्थिक स्थिती इतनी दयनीय है कि कर्मचारियो को वेतन देने के लाले पडे हुए है। स्थापना व्यय इतना बढा हुआ है की निकाय बडी मुश्किल से प्लेसमेंट कर्मचारियो को वेतन दे पाती है लेकिन उनका ईपीएफ राशि उनके खाते में नही डाल पा रही है। जिससे कर्मचारियो में भी आक्रोश की स्थिती बनी हुई है।

**पुराने पार्षदों का मानदेय साल भर से अटका**

नगर पंचायत के पुराने पार्षदों का मानदेय पिछ्ले एक वर्ष से अटका हुआ है। पिछ्ली परिषद के पार्षद अपने मानदेय के लिए अपने कार्यकाल में चक्कर काटते रह गए लेकिन उन्हे मानदेय नही मिल पाया। पार्षदों द्वारा ज्ञापन व शिकायत किए जाने के बाद भी फंड के अभाव में मानदेय का भुगतान नही हो पाया। आश्चर्य की बात है की पुराने पार्षद जब अपने कार्यकाल में अपना मानदेय नही मिल पाया तो अब पद से हटने के बाद कैसे अपना मानदेय ले पाएगें। लेकिन पुराने पार्षदों के लिए राहत की बात यह है की नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सीएमओ को निर्देश दिया है कि पहले पुराने पार्षदों का मानदेय का भुगतान कराए उसके बाद ही नए पार्षदों का मानदेय देने की सोचे।

**रेगुलर कर्मचारियो को दो माह से वेतन नही मिला**

नगर पंचायत के रेगुलर कर्मचारियो को फरवरी माह से वेतन नही मिल पाया है। इधर एक सप्ताह बाद अप्रेल माह गुजर जाएगा और कर्मचारियो का वेतन तीन माह का लटक जाएगा। इधर अभी वेतन कब तक मिल पाएगा इसकी दूर दूर तक की संभावना नही है। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने सोमवार राजधानी रायपुर में नगरीय प्रशासन विकास विभाग के संचालक एवं अन्य अधिकारियो से भेट कर भुगतान के लिए अनुदान देने की मांग रखी है। इधर कर्मचारियो ने अपना दुखडा सुनाते हुए बताया कि नियमित वेतन नहीं मिलने से उनके समक्ष जीविकोपार्जन करना कठिन हो गया है।



**प्लेसमेंट कर्मचारियो का तीन वर्ष का ईपीएफ जमा नही हुआ**

नगर पंचायत की आर्थिक स्थिती की अंदाजा इस बात से लगाया जाता है की प्लेसमेंट कर्मचारियो का कर्मचारी भविष्य निधि में जमा होने वाली राशि को भी नगर पंचायत कर्मचारियो के ईपीएफ खाते में जमा नही करा पाया है। सूत्रो के अनुसर यह राशि पचास लाख से भी कही अधिक है। इधर प्लेसमेंट कर्मचारी इस बात के लिए नाराज है की उनकी ईपीएफ राशि सालो से खाते में जमा नही हो रही है। ऐसे में कभी कोई दुर्घटना होने पर या आपातकालिन स्थिती आने पर वह अपने खाते से कैसे पैसे निकाल पाएंगे। बताया जाता है कि रेगुलर कर्मचारियो के भी खाते में ईपीएफ व पेंशन अंशदायी राशि भी पिछ्ले 5 वर्षो से जमा ही नही हुई है। यह राशि भी 60 लाख से अधिक की बताई जा रही है।

**नई परिषद के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भुगतान अटका**

नगर पंचायत की माली हालत इतनी खराब है कि यहां पर चुनकर आई नई परिषद के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में नगारिको के लिए बुलाए गए चाय पानी व नाश्ता एवं स्वागत सत्कार के लिए बुलाए गए फूल माला की राशि का भी भुगतान अटका हुआ है। बताया जाता है कि नगर पंचायत अध्यक्ष ने स्वयं शपथ ग्रहण के लिए नागरिको को किए गए जल पान की व्यवस्था अपने पैसे खर्च कर सारी व्यवस्था की थी। अध्यक्ष ने सीएमओ को कहा था कि आप केवल टैटं शमियाना का ही भुगतान करा दे शेष सारी व्यवस्था हम अपने खर्चे में कर लेगे। बताया जाता है की इसीलिए नगर पंचायत अपने नई परिषद के पदाधिकारियो को अपने कार्यालय के अंदर ही शपथ दिलाना चाह रहा था। लेकिन अध्यक्ष के अड जाने के बाद निकाय को शपथ ग्रहण कार्यक्रम खुले में कराना पडा।

**फिजूल खर्ची में उडा दिए लाखो रूप्ए**

नगर पंचायत की माली हालत खराब होने व निकाय की आर्थिक स्थिती दयनीय होने के बाद भी नगर पंचायत में वर्ष 2020 से 2024 के मध्य निकाय को होने वाले आय का काफी पैसा फिजूल खर्ची एवं औचित्यहीन कार्यो में खर्च कर दिया गया । बताया जाता है की सीएमओ क्वार्टर व इंजीनियर क्वार्टर के साज सज्जा, कार्यालय के साज सज्जा तथा टाउन हाल एवं अन्य भवनो के बार बार रंग रोंगन तथा डीजल सहित टैंकर एवं वाहनो के मरम्मत एवं नाली व सडक मरम्मत तथा सामान खरीदी में लाखो रूपए व्यर्थ में उडा दिए गए।

**आमदानी चवन्नी, खर्चा रूपैया**

नगर पंचायत का स्थापना व्यय इतना बढा हुआ है की कर्मचारियो को वेतन भुगतान के लिए परेशानियो का सामना करना पड रहा है। जानकारी के अनुसार निकाय की स्थिती ऐसे है कि निकाय को रेगुलर कर्मचारियो को हर माह बारह लाख एवं प्लेसमेंट कर्मचारियो को प्रति माह तीन लाख रूपए वेतन में भुगतान करना पडता है जबकि निकाय यदि सख्ती से वसूली भी करे तो हर माह निकाय को मात्र चार या पांच लाख रूपए की वसूली में प्राप्त हो पाती है। इसलिए कर्मचारियो के वेतन के मामले में निकाय को पुरी तरह राज्य शासन के अनुदान पर निर्भर रहना पडता है।

फिज़ूल खर्ची एवं औचित्यहीन कार्यो से जुडे भुगतान को रोक लगाने का निर्देश दिया गया है। उन्होने कहा की दो वर्श में निकाय की आर्थिक स्थिती को सुदृढ करने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इसके लिए कार्ययोजना बनाकर वर्क प्रारंभ कर दिया गया है।

**अनिल मानिकपुरी, अध्यक्ष, नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी**

# मरार समाज के आदर्श विवाह में 14 जोड़े वर वधु बंधे विवाह -गठबंधन में



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कोसरिया मरार पटेल समाज राज अंबागढ़ चौकी के द्वारा ग्राम बगदई में आदर्श सामूहिक विवाह आयोजन में 14 जोड़े वर -कन्या विवाह गठबंधन में बंधे ।कार्यक्रम प्रात: 8:00 बजे वर-वधुओं के उपस्थित लेकर समाज प्रमुखों ने अपने अधिष्ठात्री देवी माता शाकंभरी की पूजा अर्चना और महात्मा ज्योतिबा फुले -माता सावित्रीबाई फुले की तैलचित्र पर फूल माला अर्पण कर शुभारंभ की ।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव अपने धर्मपत्नी जय श्री साहू के साथ पहुंचे उन्होंने समाज की एकता की सराहना करते हुए सामाजिकता व रीति रिवाज के महत्व को बनाए रखने की सामाजिक प्रमुखों के योगदान को बहुत बड़ी बताया जिसमें आपस में एक दूसरे को सम्मान मिलता है । विधायक जी ने समाज की सामुदायिक भवन मांग के लिए विधायक निधि से 5 लाख रु देने की घोषणा की और अपने धर्म पत्नी के साथ वर- वधुओं को भेंट देखकर सफल मांगलिक जीवन की शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम के स्वागत भाषण में समाज अध्यक्ष देव कुमार पटेल आदर्श विवाह जरूरी क्यों पर विचार रखें औरआदर्श विवाह में जुड़ने की अपील की ।इस अवसर पर टिकेश साहू जी पूर्व जनपद अध्यक्ष डोंगरगांव, खुमान नेताम , रवि साहू , दीपक बाई पटेल , ममता मनीष पटेल , शोभना पटेल जनपद सदस्यगण व समाज के ब्रह्म देव पटेल ,गया प्रसाद पटेल ,अंतर्राष्ट्रीय कलाकार डॉ के के पाटील, डॉ राजकुमार पटेल , त्रिवेणी पटेल, डेहर पटेल, ईश्वर पटेल महेंद्र पटेल, हरीश पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संध्याकालीन में समापन समारोह में सांसद संतोष पांडे उपस्थित हुए उन्होंने अपने उद्बोधन में सामाजिक महत्व को बताते हुए सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में बात रखी विशेष कर मुख्यमंत्री कन्या विवाह के माध्यम से सभी बीपीएल के कन्याओं के लिए ?35000 आर्थिक सहयोग सरकार की योजना के तहत चेक भेंट कर उन्हें आशीर्वाद प्रदान की ।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुनील पटेल ने भी सरकार के योजनाओं के तहत समाज को जागरूक करने के लिए प्रदेश भर में कार्यक्रम चलाने और उच्च शिक्षा के लिए युवा पीढ़ियां को प्रेरित किया ।

विशेष अतिथि के रूप में दिनेश गांधी, लक्ष्मी नारायण गुप्ता ,रामकुमार गुप्ता ,धनराज ठाकुर, जागृति चुन्नी यदु जिला पंचायत सदस्य , रंजीत पड़ोती, अंजू त्रिपाठी अध्यक्ष नगर पंचायत डोंगरगांव एवं दीना पटेल के साथ समाज के खेलु राम पटेल, केशव पटेल, अशोक पटेल खोरबहराराम पटेल , योगेश पटेल नीलेश पटेल शामिल हुए राज अम्बागढ़ चौकी के सामाजिक प्रमुख देव कुमार पटेल , महासिंह पटेल ,उमेदी पटेल, देव सिंह पटेल देशन पटेल, मानसिंह पटेल ,राम पटेल, सुदर्शन पटेल और भुनेश्वर पटेल, रोमन पटेल ,देवीलाल पटेल गुलशन पटेल, द्वारका पटेल, परस पटेल ,हीरामन पटेल, हीरालाल पटेल ,चरण पटेल ,मोहन पटेल मेहत्तर पटेल, टेकराम पटेल अनिल पटेल, नरेश पटेल ,मुकेश पटेल, बिझवार पटेल, केवल पटेल, जीवन पटेल अनक पटेल, प्रकाश पटेल सुरजू राम पटेल, डेरहाराम पटेल, उर्मिला बाई पटेल ,रेनू पटेल बैशाखिन बाई पटेल, रेवती बाई पटेल, लिलिमा पटेल ,अंजू पटेल सहित समाज के लगभग 6 हजार की संख्या में उपस्थित होकर वर- वधुओं को आशीर्वाद प्रदान किया।समाज के द्वारा भोजन व्यवस्था सुबह 9 से रात्रि 10:00 बजे तक संचालित रखा ।कार्यक्रम



का विशेष- प्रतिभावान बच्चों को सम्मान वआदर्श विवाह को पूर्ण रूप से सामाजिक रीति- रिवाज, परंपरा अनुसार तेल मायन, हरिद्रा लेपन, बारात स्वागत, पाणिग्रहण शाकोचार मंत्रो उच्चारण से सप्तफेरा और अंत में बेटी की विदाई रश्म कर रात्रि 10:00 बजे कार्यक्रम समापन की गई।

## 25 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा वर्तमान में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पडने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं हेतु घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में आंशिक संशोधन करते हुए 25 अप्रैल से 15 जून 2025 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया है।

## रेल सुरक्षा बल की सख्ती : महिला डिब्बों में अनधिकृत यात्रा करने वालों पर की गई कार्रवाई

**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** रेलवे में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर रेल सुरक्षा बल (RPF), पोस्ट राजनांदगांव द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक महिला आरक्षित डिब्बों में अनधिकृत रूप से यात्रा करने वाले 136 व्यक्तियों के विरुद्ध रेलवे अधिनियम की धारा 162 के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है।

रेल सुरक्षा बल के अधिकारियों ने बताया कि महिला यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा के लिए महिला डिब्बों में किसी भी पुरुष यात्री की अनधिकृत उपस्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दिशा में नियमित निगरानी और जांच की जा रही है ताकि महिलाओं को एक सुरक्षित और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिल सके। रेल सुरक्षा बल ने आम यात्रियों से भी अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और महिला डिब्बों में अनधिकृत रूप से प्रवेश से बचें। यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## खेल अकादमी हेतु खिलाड़ियों के चयन ट्रायल की तिथि हुआ घोषित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ शासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के नेतृत्व में हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले राजनांदगांव में आवासीय खेल अकादमी की शुरूवात की जा रही है उक्त अकादमी में वर्तमान में 25 बालक हॉकी खिलाडियों का चयन किया जाना है। नवीन प्रवेश हेतु चयन ट्रायल का आयोजन दिनांक 8 और 9 मई 2025 तक में किया जाएगा। उक्त चयन ट्रायल समय प्रात: 07 बजे से खेल अकादमी संचालन नियम 2014 के अनुसार अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया जायेगा। उक्त चयन ट्रायल में छत्तीसगढ के निवासरत खिलाडी ही भाग ले सकेंगें। उक्त चयन ट्रायल में 13-17 से वर्ष के आयु के खिलाडी ही भाग लेंगें। चयन ट्रायल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के आधार पर चयन समिति के द्वारा खिलाडियों का चयन किया जायेगा। खेल अकादमी संचालन नियम 2014 अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित खिलाडियों को नि: शुल्क आवास,भोजन,शैक्षणिक व्यय, खेल परिधान, प्लेईंग किट,दुर्घटना बीमा आदि सुविधाएं शासन द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी। आवासीय खेल अकादमी हेतु चयन ट्रायल में सम्मिलित होने हेतु खिलाडी खेल एवं युवा कल्याण विभाग राजनांदगांव से संपर्क कर सकते है,चयन ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाडियों को जन्म प्रमाण पत्र, अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र,आधार कार्ड, की मूल प्रति, 2 पासपोर्ट साईज फोटो साथ लावें साथ ही सभी दस्तावेजो की फोटोकापी भी लाना अनिवार्य है, चयन ट्रायल में दिनांक 8 मई को पहुंचकर दस्तावेज जांच कर पंजीयन करावे 9 मई 2025 को चयन ट्रायल होगा। उक्त चयन ट्रायल में आवास एवं भोजन की व्यवस्था होगी।

**शुभांक**

**1-2-8**

**149-4 248-4**

**भाग्यांक**

**458-7 188-7**

# कल जिलास्तरीय संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज की 725 वी जयंती मनाई जायगी

**आज जिला की नाई महासभा संगोष्ठी कार्यक्रम**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नाई समाज के आराध्य गुरुदेव संत शिरोमणि श्री नंदा सेन जी महाराज की 725 वी जयंती जिला सेन समाज राजानंदगाव द्वारा जिलास्तरीय रूप मे जिले के अंचल नगर पंचायत छुरिया मे कल दिनांक 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को विशाल नाई समाज के जन मानस के साथ मनायेगा ।समाज के जिलाध्यक्ष श्री एस एन सांडिल्य ने निवेदन किये है कि यह 725 वी सेन जयंती सकल जन मानस को भक्ति की धारा से जोडने वाले संत की जयंती यह वृहद जिला स्तरीय रूप में कल मनाया जा रहा है और आज दिनांक 24 अप्रेल दिन गुरुवार को जयंती के एक दिन पहले पूर्व संध्या को कार्यक्रम स्थल छुरिया मे च्जिलास्तरीय नाई महा सभा संगोष्ठीज् आयोजित है। जिसके मुख्य अतिथि प्रांत सचिव भुवन लाल कौशिक और कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागीय अध्यक्ष शिव कुमार सेन जी करेंगे । जिसमे जिला, ब्लॉक, प्रकोस्ट, शहर और सर्किल के सभी पदाधिकारीगण सदस्यगण अनिवार्य रूप से उपस्थिति प्रदान करंगे एवं समाज के आदरणीय गणमान्य नागरिक विशेष रुप से आमंत्रित है। आगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिव लोकेश सेन ने कहा की कार्यक्रम के मुख्य दूसरे दिवस दिन शुक्रवार को सभी सामाजिक बंधु सुबह अपने अपने ब्लॉक, सर्किल, शहर के भवन मे विराजमान गुरुदेव की प्रतिमा का पूजा अर्चना कर संगठन द्वारा व्यवस्था की गई बसों से जाने के लिए सुबह 9 बजे बताये हुए स्थानों पर पहुँचेंगे। तब पश्चात छुरिया मे जिलास्तरीय् कार्यक्रम का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा द्वारा होगी। फिर सभा स्थल मे संत श्री सेन जी महाराज की पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद अतिथियों का स्वागत-सम्मान-उद्बोधन का कार्यक्रम होगा। जिसमे गुरुदेव के जीवन की महिमा का गुणगान किया जायेगा। फिर अतिथियों द्वारा समाज के प्रतिभावानो को प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मान किया जायगा। और दोपहर का भोजन प्रसादी सेवा किया जायेगा। जिला मीडिया संयोजक इन्द्रद्वीप हीरा सेन ने बताया की दूसरे सत्र मे समापन के मुख्य अतिथि श्री डॉ. रमन सिंह जी विधानसभा स्पीकर, अध्यक्षता श्री पुनीत राम सेन प्रदेश अध्यक्ष प्रांत सेन समाज, श्री संतोष पाण्डेय जी, सांसद राजनांदगांव, विधायक रिकेश सेन वैशाली नगर उपस्थित होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोक दर्शन परिवार, देहान और मधुरम मानस परिवार छुरिया के द्वारा जिलास्तरीय सेन जयंती की समाप्ति की जाएगी। जिला अध्यक्ष श्री सांडिल्या ने सामजिक जनो को अधिक से अधिक संख्या मे आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की विनती की है ।

# हिन्द सेना ने उठाई जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

## यह देश की एकता और अखंडता पर हमला है,आतंकवाद का फन कुचलना जरूरी: दक्ष वैद्य



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा युवा नेता एवं हिन्द सेना समाजसेवी संगठन युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए नृशंस आतंकी हमले को अत्यंत निंदनीय एवं संतापजनक बताया एवं इसे देश की एकता और अखंडता पर प्रहार निरुपित किया है। युवा ब्रिगेड राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने आतंकवादी हमले पर गहरा दुख जताते हुए कहा है कि यह घटना दिल दहलाने वाली अति कारूणिक घटना है,इस आतंकी हमले में हमारे छत्तीसगढ़ के भी एक पर्यटक के मारे जाने और कई पर्यटकों के पहलगाम में फंसे होने की खबर है। हमारी साय सरकार फंसे पर्यटकों की सुरक्षा और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। दक्ष वैद्य ने कहा है कि इस बड़ी वारदात में पाकिस्तानी आतंकियों के शामिल होने और उन्हें स्थानीय स्लीपर सेल से पूरी मदद मिलने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। इसलिए आतंकवादियों के साथ ही स्थानीय स्लीपर सेल का भी पूरी तरह सफाया अब जरूरी हो गया है। दक्ष वैद्य ने कहा है कि धारा 370 हटाए जाने के बाद जम्मू जश्मीर अमन की राह पर चल पड़ा था,मगर यह अमन पड़ोसी को रास नहीं आ रहा है।इसलिए वह गाहे बगाहे ?सी करतूत करते रहता है। युवा नेता दक्ष वैद्य ने कहा है कि जिस तरह हमारे माननीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को नक्सलवाद से मुक्त करने के लिए डेड लाईन जारी कर रखी है और इस संकल्प को पूरा करने के लिए जिस तरह से यहां सुरक्षा बल नक्सलियों का तेजी से खात्मा करते जा रहे हैं, वैसा ही कदम जम्मू कश्मीर में आतंकवादी समूहों के खिलाफ भी उठाए जाने की जरूरत है। दक्ष वैद्य ताजा अक्षम्य आतंकवादी वारदात को देखते हुए महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से जम्मू कश्मीर में तत्काल राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। दक्ष ने इस तरह की आतंकी हमले की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए समुचित व्यवस्था करने की अपील भी की है।

# लवकुमार रामटेके एडव्होकेट के मुख्य आतित्थ में 134 वी डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती पर संतोष नदां ने मशाल रैली का शहर भ्रमण कराया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समता सैनिक दल दुर्ग शहर ईकाई के तत्वावधान में डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर जयंती समारोह की 134 वी वर्ष गाठं पर प्रतिवर्षानुसार 14 अप्रैल 2025 को दोपहर को राजीव नगर वार्ड क्रमांक 02 में कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान् लव कुमार रामटेके, एडव्होकेट हाईकोर्ट छत्तीसगढ़, एवम्ं दिबुदिष्ट सोसाइटी आफ इडियां प्रदेश उपाध्यक्ष की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रारंभ कर परम श्रदेय डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर, दुर्ग शहर भ्रमण करने नीली झण्डी दिखा कर प्रारंभ किया गया। जिसमें दुर्ग शहर प्रमुख की अगवाई में मशाल रैली के साथ राजीव नगर वार्ड क्रमांक 02 से प्रारंभ होकर दुर्ग शहर के प्रत्येक चौराहे पर सतोषं नदां व समता सैनिक दल के सैनिक का स्वागत करते हुए, समाज प्रमुख ने सराहना करते हुए बधाइयाँ दी। तथा उक्त मशाल रैली दुर्ग कलेक्टर परिसर स्थित पहुंचे पर श्रदेय डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर को सलामी देते हुए सभा के रूप परिवर्तित होकर कार्यक्रम स्थल प्रस्थान की। जिसमें समता सैनिक दल के सैनिक सहित डॉ बाबा साहेब अम्बेडकर अनुयायी सैकड़ों की सख्या उपस्थित थे।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव(छ0ग0)**

**// बंधक प्लाट आदेश //**

**क्रमांक /1228/ अ.वि.अ./प्र.1/2025 राजनांदगांव दिनांक 23/04/2025**

छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 (कं.-1 वर्ष 1994) कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम - 1999 व यथा संशोधित के अनुरूप आवेदक श्री विनोद बोहरा आ. श्री जेठमल बोहरा डायरेक्टर महावीर इन्फ्राकान प्रा0लि0 निवासी सनसिटी कालोनी राजनांदगांव के निज स्वामित्व की ग्राम पनेका प0ह0नं0 29 तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित भूमि ख0नं0 ख0नं0 112/3 रकबा 0.1920हे0 पर आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास ) के कालोनी विकास अनुज्ञा इस न्यायालय के रा0मा0क 202503090700053 अ/89 (13) वर्ष 2024-25 के द्वारा दिनांक 23/04/2025 को जारी किया गया है ।

कालोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण निर्बन्धन तथा शर्तें नियम 199 के नियम - 12 व यथा संशोधित के अनुसार कमजोर आय वर्ग के लिए सुरक्षित रखे गए भू-खण्डों को छोड़कर शेष भू-खण्ड के 15 प्रतिशत की संख्या में भू-खण्ड सक्षम अधिकारी के पास बंधक रखा जाता है । ये भू-खण्ड नियम 13 के उप नियम (2) के अध्यधीन रहते हुए कालोनी का आंतरिक व बाह्य विकास कार्य पूर्ण होने पर बंधनमुक्त किए जाएंगे तथा विक्रय हेतु कालोनाईजर को उपलब्ध रहेंगे । नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के अनुमोदित अभिन्यास अनुसार बंधक प्लाट का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रमांक | प्लाट नं | रकबा (वर्गमी0) |
|---|---|---|
| 1 | सी-72 | 96.00 |
| 2 | सी-73 | 108.00 |
| कुल | 02 | 204.00 |

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**राजनांदगांव**

**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगांव के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202504091100027**

विषयः- ब-121. मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

आसरा प.ह.न. 00015 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - घनश्याम,

अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक घनश्याम आ. लल्लाराम जाति कण्डरा निवासी ग्राम चौथना तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अपने माता जनीबाई की मृत्यु दिनांक 05/06/1965 को ग्राम आसरा तहसील डोंगरगांव जिला राजनांदगांव में होने के कारण अपने माता जनीबाई की मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने शपथ पत्र, आधार कार्ड, पंचनामा, 66230225000384 के साथ आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा/आपत्ति हो पेशी दिनांक 08.05.2025 को स्वंय अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 22.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से यह ईश्तहार आज दिनांक 22/04/2025 को जारी किया जाता है।

**सील** **नायब तहसीलदार डोंगरगांव**

# जंगलेसर शिवनाथ नदी मोखला मार्ग साहेब ने सड़क बनाया मुरमीकरण करना भूल गए

## मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित मार्ग पर ग्रामीणों ने मुरमी करण की मांग की, ग्रामीणों ने कहा ठेकेदार नहीं सुनता









**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम जंगलेशर से शिवनाथ नदी मोखला मार्ग पर डामरीकरण किए गए कार्य पर उठ रहे हैं कई सवाल? राजनांदगांव शहर से लगभग 7 किलोमीटर दूरी से ग्राम जंगलेसर से मोखला मार्ग, जिसकी लंबाई 2.10 किलोमीटर है अनुमानित लागत 28.054 लाख, पैकेज क्रमांक mmgsy rjn मे 02 अनुबंध क्रमांक दिनांक 25 8 2023, कार्य का प्रारंभ 27. 8, 2023, कार्य पूर्ण तिथि 30 6.24, ठेकेदार का नाम व पता एस एस इंफ्रास्ट्रक्चर ऋषभ नगर दुर्ग, एजेंसी का नाम श्री जी के कश्यप कार्यपालन अभियंता ग्रामीण विकास संभाग छत्तीसगढ़ क्रियान्वयन विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जंगलेशर से शिवनाथ नदी मोखला मार्ग का निर्माण किया गया है। ग्रामीण जनों ने बताया कि ठेकेदार को बार-बार सड़क के किनारे मुरम डालने की मांग की गई लेकिन आज पर्यंत तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर हजारों लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं और सड़क से लेवल पाई से अधिक होने के कारण फिसल कर लोग गिर रहे हैं और सड़क पतली है और भारी वाहन के आने से सड़क पर बिल्कुल ही साइट पूरी तरह से ऊपर नीचे है मुरुम नहीं डालने के कारण लोग इस सड़क पर गिर रहे हैं ग्रामीण जनों ने मांग की है कि सड़क के किनारे मुरमीकरण की जाए और जो निर्माण कराया गया है डामरीकरण उसे पर सरकार जांच करें और संबंधित ठेकेदार पर कार्यवाही करने की मांग रखी है। ग्राम जगलेशर, मोखला सहित क्षेत्र वासियों ने बताया कि इस मार्ग पर प्रतिदिन हजारों का आवागमन रहता है इस सड़क का निर्माण मजबूतीकरण के साथ नहीं हुआ है जगह-जगह पर डामरीकरण में दरार पड़ चुकी है। जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग रखी है।

## समोसे बेचने वाले युवक पर बदमाशो ने उड़ेला गर्म तेल युवक घायल

**दुर्ग।** दुर्ग में बदमाशों के हौसले बुलंद है बदमाश अब किसी भी हद तक जाकर लोगों को परेशान करने पर तुले हुए हैं ताजा मामला देर रात का है जहां भिलाई के कैंप 02 में प्रकाश नामक युवक समोसे की दुकान लगाता है जो कि रोज की तरह देर शाम अपने समोसे तलकर बेच रहा था इसी बीच दो युवक आए और उसके साथ गाली गलौज करने लगे गाली गलौज करते हुए उससे समोसे लिए और समोसा लेने के बाद वहीं बैठकर शराब पीने लगे दीपक ने इसका विरोध किया तो उसके साथ दोनों बदमाश युवको ने हाथापाई की इसके बाद दीपक ने अपने बड़े भाई प्रकाश को फोन करके बुला लिया दोनों भाइयों ने दोनों ही बदमाशों को समझाने की कोशिश की तो दोनों बदमाशों ने मिलकर कढ़ाई से गर्मागर्म तेल लेकर प्रकाश और दीपक के ऊपर उड़ेल दिया जिससे दोनों भाई जल गए आसपास के लोगों ने जब घटना को देखा तो फौरी तौर पर दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां दोनों को भर्ती कराया गया है।

## ज्ञान मंथन

*1) महाराष्ट्र सरकार ने मार्च 2025 में किस जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज के पहले मंदिर का उद्घाटन किया?*
*2) हाल ही में राजस्थान के किस टाइगर रिजर्व में एक दुर्लभ कैराकल देखा गया?*
*3) मार्च 2025 में कौन सा राज्य विधानसभा की कार्यवाही को सांकेतिक भाषा में प्रसारित करने वाला भारत का पहला राज्य बन गया?*
*4) किस राज्य सरकार ने बियॉन्ड स्क्रीन्स नामक भारत की पहली उद्योग आधारित डिजिटल पहल शुरू की है?*
*5) मार्च 2025 में कानूनी मामलों के विभाग की पहली महिला सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) ठाणे जिले के भिवंडी (2) मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व (3) पंजाब (4) कर्नाटक (5) अंजू राठी राणा

## डोंगरगांव में अवैध शराब तस्करों पर पुलिस की सख्त कार्यवाही, एक आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** डोंगरगांव थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्यवाही करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के कब्जे से देशी शराब और नकद राशि समेत कुल 2400 रुपये का सामान जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी का नाम आकाश ठाकुर (उम्र 19 वर्ष) है, जो ग्राम सालिकझिटिया का निवासी है। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर डोंगरगांव पुलिस ने रेड कार्यवाही करते हुए आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके पास से एक हरे-सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में 20 नग देशी प्लेन शराब (शोले ब्रांड), प्रत्येक 180 एमएल की सीलबंद बोतलें, जिसकी कीमत 1600 रुपये आंकी गई है, बरामद की गई। इसके अलावा 800 रुपये की बिक्री की रकम भी जब्त की गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास ने बताया कि रेड टीम में प्रआर संदीप देशमुख, आरक्षक चंद्रपाल लहरे और जितेश साहू शामिल थे। आरोपी के खिलाफ धारा 34(1)(ख) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर, उसे गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।




## प्रधानमंत्री आवास बनने पर चोवाराम साहू ने मोदी जी को धन्यवाद कहा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम रवेली में प्रधानमंत्री आवास बनने पर ग्रामीण चोवाराम साहू ने मोदी जी को धन्यवाद अर्पित किया है। भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिला पंचायत सदस्य देव कुमारी साहू अपने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्र के दौरे पर थी, तो उन्होंने व्यवस्थित रूप से एक सुंदर घर को देखा, जिज्ञासा वश उन्होंने चोवाराम से पूछा तो उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के तहत उनका पक्का घर बना है, जिससे वह प्रसन्नचित है और सुकून से रह रहे हैं, उन्होंने प्रदेश भाजपा सरकार एवं मोदी सरकार को धन्यवाद भी दिया है।



# आस्था मूक बधिर शाला मे हरिद्वार पतंजलि योगपीठ से संत आगमन







**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** केंद्रीय यज्ञ प्रभारी स्वामी विप्रदेवजी हरिद्वार, छ.ग. राज्य प्रभारी स्वामी नरेंद्रदेव जी अपने डोंगरगढ़ प्रवास से अचानक समय निकालकर आस्था मूक बधिर शाला के श्रवण बाधित दिव्यांग नौनिहाल बच्चों से मिलने पधारे, आपके साथ रायपुर से श्रीराम शर्मा, बालोद से महेंद्र जयसवाल, महासमुंद से नवीन साहू रहे माँ सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर पूजा अर्चना हुई रायपुर से श्रीराम शर्मा/महेंद्र जयसवाल ने कहा कि आपमें जो प्रतिभा है उसका निखार आस्था कर रही है छ.ग. राज्य प्रभारी स्वामी नरेंद्र देवजी ने कहा जीवन में वही काम चुनना जिसे तुम मन लगाकर कर सको फिर चाहे वो पढ़ाई, चित्रकारी, खेलकूद या अन्य कोई भी व्यवसायीक प्रशिक्षण प्राप्त कर कोई व्यापार ही क्यों न हो, आप देखना बच्चों जो तुम्हें अभी हल्के से लेते हैं,हुनर आपके अंदर कूट कूट के भरा है उसे एक बार हिम्मत करके बाहर लाना चाहिए केंद्रीय यज्ञ प्रभारी, पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के स्वामी विप्रदेवजी ने बच्चों को भरपूर समय लगभग दो घंटे दिये ,उन्हें कठिन से कठिन आसन का अभ्यास कराया और बताया कि अपनी प्रतिभा को योगासन स्पोर्ट्स के माध्यम से जिला, राज्य, देश व पूरी दुनिया मे डंका बजा सकते हो क्योंकि योगासान खेलकूद प्रतियोगिताएं खेलो इंडिया/हृङ्घस्न का चौथा वर्ष होगा और हर वर्ष दिव्यांगजन भी पूरे भारत काफी बड़ी संख्या में हर एक राज्य से निकल के आ रहें हैं और योगासन स्पोर्ट्स के माध्यम से नई ऊर्जा के साथ अपना जीवन बहुत ही खुशहाल बना रहे हैं, बस इस कार्य को जल्द अभ्यास के शुरू कर संस्था, मातापिता, गाँव, राज्य और भारत वर्ष का नाम रोशन करे उक्त अवसर पर आस्था के स्टाफवृन्द, रायपुर से श्रीराम शर्मा, महासमुंद से नवीन साहू , लोहारा से महेंद्र जयसवाल, पतंजलि योग समिति से हेमंत तिवारी ने उपस्थिति दर्ज की।

## महिला सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत राजनांदगांव रेलवे स्टेशन पर जागरूकता कार्यक्रम एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन

### यात्रियों की सुरक्षा हेतु सदैव तत्पर अभियान के तहत प्रभावशाली पहल



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** रेलवे सुरक्षा बल, राजनांदगांव (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल) द्वारा च्यात्रियों की सुरक्षा हेतु सदैव तत्परज्ज् अभियान के अंतर्गत महिला सुरक्षा सप्ताह का प्रभावशाली आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम रेल सुरक्षा बल थाना प्रभारी, सब इंस्पेक्टर श्रीमती तरुणा साहू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर Confluence College of Higher Secondary Education, परिकला के राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई और महिला सुरक्षा, आत्मनिर्भरता व सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही नुक्कड़ नाटक प्रस्तुति, जिसमें छात्रों ने बेहद सशक्त अंदाज में महिला सुरक्षा का संदेश दिया। इसके अलावा पंपलेट वितरण, रैली मार्च और जन संवाद के माध्यम से आम नागरिकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। उपस्थित यात्रियों ने इस प्रयास की सराहना की और हृस्स् स्वयंसेवकों को भरपूर प्रोत्साहन दिया। इस विशेष अवसर पर नवपदस्थ कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे, स्टेशन मास्टर श्री आर. बर्मन तथा अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद डॉ. भूरे वंदे भारत एक्सप्रेस से रायपुर प्रस्थान करने से पूर्व स्वयं स्टेशन पर उपस्थित NSS विद्यार्थियों से मिले, उनके कार्य की सराहना की, बातचीत की और उनके साथ स्मृति चित्र भी खिंचवाए। यह क्षण छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 का भी व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर यात्री त्वरित सहायता प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम का संपूर्ण समन्वय, संचालन एवं सफलता का श्रेय सब इंस्पेक्टर श्रीमती तरुणा साहू को जाता है, जिनके समर्पण व नेतृत्व में यह आयोजन न केवल महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जन-जागरूकता फैलाने में सफल रहा, बल्कि युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी प्रबल करने वाला सिद्ध हुआ।

## आवास प्लस टू एक सर्वे नही बल्कि सरकार से सीधी बात- जिला पंचायत अध्यक्ष



**गुण्डरदेही ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ में इस बार सरकार ने एक अनोखा काम कर दिखाया है ना सिर्फ योजनाएं बनाई गईं, बल्कि अब खुद सरकार उन योजनाओं को लेकर हर घर तक पहुंच रही है। इस ऐतिहासिक पहल का का नाम है मोर दुआर, साय सरकार महा अभियान। अगामी 30 अप्रैल 2025 तक चलने वाला यह अत्याधुनिक टेक्नो-सर्वे मिशन सिर्फ एक सर्वे नहीं, बल्कि ग्रामीण जनता से सरकार की सीधी बातचीत की शुरुआत है।

**आवास प्लस सर्वे**

विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस 2.0 सर्वेक्षण के लिए प्रदेश व्यापी मोर दुआर-साय सरकार महाभियान का शुभारंभ किया है। इस दौरान जनप्रतिनिधि कई हितग्राहियों के घर पहुंचकर स्वयं सर्वेक्षण कर रहे है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार को पक्का और सुरक्षित घर प्रदान करना है। सर्वेक्षण कार्य समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पूरा किया जाएगा, ताकि हर जरूरतमंद को योजना का लाभ मिले।

इस महाअभियान में गांव की गलियों से लेकर चौपाल तक एक ही नारा गूंज रहा है-मोर आवास, मोर अधिकार। कविता और स्लोगन की गूंज है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह सब मिलकर इसे सिर्फ एक सरकारी सर्वे नहीं, बल्कि एक जनांदोलन में बदल रहे हैं। ये सिर्फ मकान नहीं, यह सम्मान है। हर घर तक सरकार की सीधी मौजूदगी ही असली लोकतंत्र है, लेकिन एक बात तय है छत्तीसगढ़ ने एक नई मिसाल पेश कर दी है। प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव सॉय द्वारा चलाए जा रहे मोर द्वार- सॉय सरकार अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण (प्लस 2.0 सर्वेक्षण) को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर द्वारा गॉवों में जन चौपाल का आयोजन की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव सॉय जी के नेतृत्व में प्रदेश के गरीब एवं जरूरतमंद जनता को पक्के मकान का सपना साकार होते दिखाई दे रहा है। यह अभियान प्रदेश के सभी हर पात्र परिवार तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का स: शक्त माध्यम बन रहा है।

## बदलाव : जल प्रबंधन को महज योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जन आंदोलन बनाने की पहल कर उम्मीद की किरण बनीं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जब सूरज आग उगलता है, धरती से हरियाली रूठ जाती है, और बच्चों की आंखों में प्यास की चमक दिखती है — तब सिर्फ पानी की कमी नहीं होती, उम्मीद भी सूखने लगती है। भीषण गर्मी में राजनांदगांव जिले के गांवों में भी ऐसे ही हालात देखने को मिल रहे हैं, जहां नदियां और नाले सूख रहे हैं, लेकिन जब सब हार मान लेते हैं तो कुछ लोग उम्मीद बनकर सामने आते हैं। ऐसी ही एक उम्मीद की किरण बनीं जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह। गौरतलब है कि जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह ने ना सिर्फ समस्या को पहचाना, बल्कि उसका हल भी ढूंढा। उन्होंने जल प्रबंधन को महज योजनाओं तक सीमित नहीं रखा, बल्कि इसे जन आंदोलन बनाने की पहल की। उन्होंने तय किया कि जल संरक्षण की जरूरत को हर दिल तक पहुंचाया जाएगा, हर गांव को जागरूक किया जाएगा, और हर व्यक्ति को इसका भागीदार बनाया जाएगा। उनका यह संकल्प जल्द ही जिले की पहचान बन गया है । आज जिले के अधिकांश गांवों में जल संरक्षण के लिए जनजागृति यात्राएं निकाली जा रही हैं। गांवों में जब ये यात्राएं पहुंचती हैं, तो लोग न सिर्फ सुनते हैं, बल्कि समझते भी हैं। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं सभी मिलकर पानी बचाने की बातें करते हैं। इन यात्राओं ने एक नई चेतना जगाई है, जिसने पानी को पुन: सम्मान दिलाया है। इस जागरूकता का असर यह हुआ कि गांव के लोग अब खुद आगे आकर समाधान खोज रहे हैं। नालों में बोरी बंधान कर जल संग्रहण की कोशिशें हो रही हैं। सामूहिक प्रयासों से जहां कल तक सूखी जमीन थी, अब वहां नमी की उम्मीद नजर आने लगी है। यह सिर्फ तकनीक नहीं, यह जन-मन की एकता का परिणाम है, जिसमें हर हाथ एक दिशा में काम कर रहा है। समस्याएँ कितनी भी बड़ी क्यों न हों, अगर नेतृत्व संवेदनशील हो और जनता एकजुट हो तो हर समस्या का समाधान हो सकता है। सुरुचि सिंह की दृढ़ता और जिले के लोगों की एकता ने साबित कर दिया है कि पानी की एक-एक बूँद बचाकर भविष्य को बचाया जा सकता है। आइए हम भी इस अभियान का हिस्सा बनें और पानी की एक-एक बूँद बचाने का संकल्प लें। उम्मीद कभी खत्म नहीं होती, बस उसे बचाने वाला कोई चाहिए।

## धर्म समाचार....

## विनायक चतुर्थी पर गणेश जी की कृपा के लिए करें ये पाठ, मिलेगा मनचाहा वरदान




विनायक चतुर्थी की तिथि हिंदू धर्म में खास महत्व रखती है। विनायक चतुर्थी का व्रत हर महीने की शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर किया जाता है। इस दिन पर शुभ मुहूर्त में गणेश जी की पूजा का खास महत्व माना गया है। ऐसे में आप गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करके भगवान गणेश की कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

श्रीगणेश प्रथम पूज्य देव हैं, क्योंकि किसी भी शुभ और मांगलिक कार्य में सबसे पहले गणेश जी की पूजा ही की जाती है। वहीं विनायक चतुर्थी को गणेश जी की पूजा-अर्चना के लिए काफी खास माना जाता है। ऐसा करने से साधक की सभी बाधाएं दूर होती हैं।

**विनायक चतुर्थी शुभ मुहूर्त**

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि 30 अप्रैल को दोपहर 02 बजकर 12 मिनट पर शुरू हो रही है। वहीं इस तिथि का समापन 01 मई को सुबह 11 बजकर 23 मिनट पर होगा। ऐसे में उदया तिथि के मुताबिक वैशाख माह की विनायक चतुर्थी गुरुवार 01 मई को मनाई जाएगी। इस दौरान गणेश जी की पूजा का मुहूर्त ये रहने वाला है –

**गणपति अथर्वशीर्ष**

? भद्रं कर्णेभि: श्रृणुयाम देवा: ।
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्रा: ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाग ?ँसस्तनूभि: ।
व्यशेम देवहितं यदायू: ।
स्वस्ति न इन्द्रो वृद्धश्रवा: ।
स्वस्ति न: पूषा विश्ववेदा: ।
स्वस्ति नस्तार्क्ष्यो अरिष्टनेमि: ।
स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु ॥
? शान्ति: शान्ति: शान्ति: ॥
? नमस्ते गणपतये ॥1॥
त्वमेव प्रत्यक्षं तत्त्वमसि ।
त्वमेव केवलं कर्ताऽसि ।
त्वमेव केवलं धर्ताऽसि ।
त्वमेव केवलं हर्ताऽसि ।
त्वमेव सर्वं खल्विदं ब्रह्मासि ।
त्वं साक्षादात्माऽसि नित्यम् ॥2॥
ऋतं वच्मि । सत्यं वच्मि ॥3॥
अव त्वं माम् ।
अव वक्तारम् ।
अव श्रोतारम् ।
अव दातारम् ।
अव धातारम् ।
अवानूचानमव शिष्यम् ।

विनायक चतुर्थी के दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना करने और व्रत करने से साधक को उत्तम परिणाम मिलते हैं। इस दिन आप गणपति अथर्वशीर्ष का पाठ करके गणेश जी की खास कृपा प्राप्त कर सकते हैं।

अव पुरस्तात् ।
अव दक्षिणात्तात् ।
अव पश्चात्तात् ।
अवोत्तरात्तात् ।
अव चोर्ध्वात्तात् ।
अवाधरात्तात् ।
सर्वतो मां पाहि पाहि समन्तात् ॥4॥
त्वं वाङ्मयस्त्वं चिन्मय: ।
त्वमानन्दमयस्त्वं ब्रह्ममय: ।
त्वं सच्चिदानन्दाऽद्वितीयोऽसि ।
त्वं प्रत्यक्षं ब्रह्मासि ।
त्वं ज्ञानमयो विज्ञानमयोऽसि ॥5॥
सर्वं जगदिदं त्वत्तो जायते ।
सर्वं जगदिदं त्वत्तस्तिष्ठति ।
सर्वं जगदिदं त्वयि लयमेष्यति ।
सर्वं जगदिदं त्वयि प्रत्येति ।
त्वं भूमिरापोऽनलोऽनिलो नभ: ।
त्वं चत्वारि वाक् 6परिमिता8 पदानि ।
त्वं गुणत्रयातीत: ।
त्वं अवस्थात्रयातीत: ।
त्वं देहत्रयातीत: ।
त्वं कालत्रयातीत: ।
त्वं मूलाधारस्थितोऽसि नित्यम् ।
त्वं शक्तित्रयात्मक: ।
त्वां योगिनो ध्यायन्ति नित्यम् ।
त्वं ब्रह्मा त्वं विष्णुस्त्वं
रुद्रस्त्वमिन्द्रस्त्वमग्निस्त्वं
वायुस्त्वं सूर्यस्त्वं चन्द्रमास्त्वं
ब्रह्म भूर्भुवस्सुवरोम् ॥6॥
गणादिं पूर्वमुच्चार्य वर्णादींस्तदनन्तरम् ।
अनुस्वार: परतर: ।
अर्धेन्दुलसितम् ।
तारेण ऋद्धम् ।
एतत्तव मनुस्वरूपम् ॥7॥
गकार: पूर्वरूपम् ।
अकारो मध्यरूपम् ।
अनुस्वारश्चान्त्यरूपम् ।
बिन्दुरुत्तररूपम् ।
नादस्संधानम् ।
सं ?हिता संधि: ॥8॥
सैषा गणेशविद्या ।
गणक ऋषि: ।
निचृद्गायत्रीच्छन्द: ।
गणपतिर्देवता ।
? गं गणपतये नम: ॥9॥
एकदन्ताय विद्महे वक्रतुण्डाय धीमहि ।
तन्नो दन्ति: प्रचोदयात् ॥10॥
एकदन्तं चतुर्हस्तं पाशमङ्कुशधारिणम् ।
रदं च वरदं हस्तैर्बिभ्राणं मूषकध्वजम् ॥
रक्तं लम्बोदरं शूर्पकर्णकं रक्तवाससम् ।
रक्तगन्धानुलिप्ताङ्गं रक्तपुष्पैस्सुपूजितम् ॥
भक्तानुकम्पिनं देवं जगत्कारणमच्युतम् ।
आविर्भूतं च सृष्ट्यादौ प्रकृते: पुरुषात्परम् ।
एवं ध्यायति यो नित्यं स योगी योगिनां वर: ॥11॥
नमो व्रातपतये ।नमो गणपतये । नम: प्रमथपतये । नमस्तेऽस्तु लम्बोदरायैकदन्ताय
विघ्ननाशिने शिवसुताय वरदमूर्तये नम: ॥12॥
एतदथर्वशीर्षं योऽधीते स ब्रह्मभूयाय कल्पते । स सर्वविघ्नैर्न बाध्यते । स सर्वत्र सुखमेधते । स पञ्चमहापापात्प्रमुच्यते ।
सायमधीयानो दिवसकृतं पापं नाशयति ।



प्रातरधीयानो रात्रिकृतं पापं नाशयति ।
सायं प्रात: प्रयुञ्जानो पापोऽपापो भवति ।
सर्वत्राधीयानोऽपविघ्नो भवति ।
धर्मार्थकाममोक्षं च विन्दति ॥13॥
इदमथर्वशीर्षमशिष्याय न देयम् ।
यो यदि मोहाद्दास्यति स पापीयान् भवति ।
सहस्रावर्तनाद्यं यं काममधीते तं तमनेन साधयेत् ॥14॥
अनेन गणपतिमभिषिञ्चति स वाग्मी भवति ।
चतुर्थ्यामनश्नन् जपति स विद्यावान् भवति ।
इत्यथर्वणवाक्यम् ।
ब्रह्माद्यावरणं विद्यान्न बिभेति कदाचनेति ॥15॥

nandgaon times April-24-4.qxd 4/24/2025 12:00 AM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बेडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, टैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# जलाल बाग में चार दिनी सालाना उर्स का आगाज

## इंतेजामिया कमेटी के सदर मो. इरफान शेख की पत्रकारवार्ता, जलाल बाग दरगाह की तरक्की के लिए पर्यटन मंडल से बड़ी उम्मीद

**राजनांदगांव।** न सिर्फ इस संस्कारधानी अपितु समुचे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध हजरत सैयद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह का 48 वा उर्स पाक गुरुवार जुम्मे रात 24 अप्रैल से शुरू होने जा रहा है 27 अप्रैल तक चलने वाले सालाना उर्स को लेकर इंतजामिया कमेटी ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। इस पूरे उर्स के खास आकर्षण पहले दिन महफिले सीमा और दूसरे दिन अजीमुश्शान तकरीर प्रोग्राम तीसरे दिन बेमिसाल कव्वाली प्रोग्राम होगा। उर्स के चौथे और आखिरी दिन हिंदुस्तान के मशहूर फनकार हाजिम नाज मुंबई तशरीफ़ लाएंगे। कौमी एकता जलाल बाग के उर्स पाक को लेकर शहर सहित जिले भर में अच्छा खासा उत्साह देखा जा रहा है। प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में जलाल बाग दरगाह मदरसा पारींनाला के सदर मोहम्मद इरफान से एक सवाल के जवाब में बताया कि पारींनाला दरगाह की तरक्की के लिए कमेटी को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से बड़ी उम्मीद है। इंतेजामिया कमेटी के सदर जनाब शेख के साथ ही उर्स कमेटी के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, सचिव नरेश रामटेके, इमरान बीबी, जहीर अब्बास, हैरी जोसेफ आदि ने समवेत तौर से बताया कि उर्स के पहले दिन 24 अप्रैल को रात 2:00 गुस्ल की फातेहा परचम कुशाई बाद नमाज फज़्र कुरआन ख्वानी बाद नमाज फेज़र शाही सदल बाद नमाज मगरिब जामा मस्जिद पठान पारा से। 25 अप्रैल 2025, बरोज जुमा बवक्त रात 10 बजे से महफिले शिमा जिसमें हज़रत बाबा सैय्यद यासीन अली शाह (र.ह) पामगढ़ शरीफ के साहीबे सज्जादा सैय्यद हामीद अली यासीनी चिश्ती सहाब किबला की मौजूदगी में महफीले शिमा का प्रोग्राम रखा गया हैं जिसमें बवजु होकर व अदब तशरीफ लायें जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ कव्वाल क़मर अली वारसी देवा शरीफ़ (लखनाऊ)। 26 अप्रैल 2025, शनिचर बवक्त रात 9 बजे से अजीमुश्शान तकरीरी प्रोग्राम आले नबी औलादे अली फाज़ीले यमन हुजुर रईसुल उलमा हज़रत अल्लामा मौलाना अल्हाज सैय्यद जामी अशरफ अशरफी उल जिलानी, मिरानी, किछौछा मुकद्दसा, युपी. जेरे निजामत शायर ए ईस्लाम सैय्यद शोहेल कादरी फातिमी राजकोट, गुजरात सरजमीने छ.ग. में पहली मर्तबा आमद साहिबे सज्जादा आस्तान ए आलीया सैय्यद मखदुम अशरफ जहांगीर सिमनानी हुजुर मोईनुल मशाईख हजरत मौलाना सैय्यद मुहम्मद मोईनुद्दीन अशरफ अशरफी उल जिलानी, किछौछा मुकद्द?मा, युपी. (मदर ऑल इंडिया मुन्नी उलमा बोर्ड, मुंबई) खतीब ए लाजवाब औलादे अबु तुराब हजरत मौलाना सैय्यद सैय्यद शागील ईमाम कादरी (साज़ उर्फी) हैदराबाद, तेलंगाना खतिब-ए-हिन्दुस्तान हुजुर शान-ए-डक्कन हजरत अल्लामा मुहम्मद अहमद नक्सबन्दी जुनैदी साहब किवला, कामील उल हदीस जामीया निजामिया, हैदराबाद, तेलंगाना नात खां मददाहे रसुल बुलबुले बागे मदीना, मददाहे रसुल बुलबुले बागे मदीना, सुल्तान रज़ा कावरी ईमरान बरकाती जयपुरी जयपुर राजस्थान नागपुर महाराष्ट्र शहर राजनांदगांव व अतराफ़ के तमाम उलमा-ए-ईकराम रौनके स्टेज रहेंगे। बेमिसाल कबाली प्रोग्राम 27 अप्रैल 2025, ईतवार बववत ठीक 10:00 बजे से मुख्य अतिथि जनाब डॉ. रमन सिंह जी पुर्व मुख्यमंत्री (छ.ग.) एवं विधायक राजनांदगांव, अध्यक्षता जनाब डॉ. सलीम राज जी अध्यक्ष छ.ग. वक्फ बोर्ड, विशिष्ट अतिथि जनाब संतोष पांडे जी, जनाब मधुसूदन यादव जी महापौर न.पा.वि., राजनांदगांव, जनाब नीलू शर्मा जी अध्यक्ष पर्यटन मंडल, जनाब कोमल सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष भा.ज.पा. राजनांदगांव, जनाब अभिषेक सिंह जी पूर्व सांसद राजनांदगांव, जनाब बहादूर अली जी संस्थापक आई की ग्रुप एवं समाजसेवी, जनाब खूबचंद पारख जी दरिष्ठ नेता भा.ज.पा., जनाब संतोष अग्रवाल जी पूर्व जिलाध्यक्ष भा.ज.पा., जनाब रमेश पटेल जी पूर्व जिलाध्यक्ष भा.ज.पा., जनाब सचीन बघेल जी चेयरमैन कॉपरेटिव बैंक, जनाब नवाज खान जी पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव, जनाब शाहीद यासिनी जी प्रदेश महामंत्री छ.ग. कांग्रेस कमेटी, जनाब कुलबीर सिंह छाबड़ा जी अध्यक्ष शहर जिला कांग्रेस कमेटी इन सब की मौजुदगी में यह प्रोग्राम मुकम्मल होने जा रहा है जिसमें हिन्दुस्तान के मशहूर व मारूफ फनकार अजीम नाजा मुंबई फेम - मुझे लेके चलो ना ख्वाजा जी के मेले में तशरिफ ला रहे हैं जिसमें आप सभी की शिरकत बाईसे मसर्रत होगी। पत्रकार वार्ता में मोहम्मद इरफान शेख ने इस दरगाह के पूर्व सदर बबलु महाराज और ताराचंद अग्रवाल साथ ही मनोज अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा कि इनकी अध्यक्षता में कमेटी ने दरगाह की न सिर्फ अच्छी देखभाल की अपितु इनके नेतृत्व में शहर जिले की कौमी एकता भी सुदृढ़ हुई। ईसी के फलस्वरुप प्रतिवर्ष हिंदू मुस्लिम सिख इसाई आदि सभी मिलकर आपसी भाईचारा रखते हुए उर्स को मानते आ रहे हैं।




# राष्ट्रीय स्तरीय कौशल विकास कार्यशाला में शामिल होने के लिए जिले के 4 शिक्षकों का हुआ चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्था पूणे (महाराष्ट्र) में 27 अप्रैल से 2 मई 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय 5 दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला में शामिल होने के लिए जिले के 4 शिक्षकों का चयन हुआ है। जिसमें पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगांव के व्याख्याता श्री संदीप कुमार वर्मा, पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय डोंगरगढ़ की श्रीमती पूजा भार्गव, पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरिया के श्री निखिलेश जामुलकर, पीएमश्री सर्वेश्वरदास आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव से सुश्री लेखा साहू शामिल है। पीएमश्री के राज्य सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को कार्यशाला में शामिल होने पूर्ण रवाना होंगे। कार्यशाला में भागीदारी के लिए न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह विद्यालय, जिले एवं प्रदेश के लिए भी सम्मान की बात है। जिले के व्याख्याता राष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा एवं समर्पण के बल पर शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। पीएमश्री के राज्य सहायक नोडल अधिकारी श्री आशीष गौतम के नेतृत्व में 132 व्याख्याताओं की टीम 25 अप्रैल 2025 को पूणे में आयोजित कार्यशाला के लिए रवाना होगी। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला देशभर के चुने हुए विज्ञान शिक्षकों के लिए आयोजित की गई है। जिसका उद्देश्य शिक्षकों के वैज्ञानिक दृष्टिकोण को और अधिक सशक्त बनाना, शिक्षण विधियों में नवाचार लाना, विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हें नवीनतम शैक्षणिक तकनीकों से अवगत कराना है। कार्यशाला के दौरान देश के प्रख्यात वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विषय विशेषज्ञों द्वारा विज्ञान की विविध शाखाओं भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, गणित एवं भू विज्ञान पर गहन संवाद विशेषज्ञ व्याख्यान प्रायोगिक गतिविधियां और समूह कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रतिभागियों को न केवल विज्ञान विषयों की जटिल अवधारणाओं को सरल रूप में समझने की रणनीतियां सीखने का अवसर मिलेगा, बल्कि उन्हें अनुसंधान कार्यों की आधुनिक प्रविधियों से भी रूबरू कराया जाएगा।



# आबकारी विभाग की कार्रवाई

## 3.60 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित विदेशी मदिरा गोवा, 10 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब एवं 50 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब विक्रेताओं, परिवहनकर्ताओं एवं कोचियों के विरूद्ध लगातार धर-पकड़ अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी श्री यदुनंदन राठौर ने बताया कि आबकारी उप निरीक्षक वृत्त डोंगरगढ़ श्री अनिल सिंह, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री लाल सिंह राजपूत व श्री भोजराज उइके के दल द्वारा डोंगरगढ़ के पलांदूर मोहारा क्षेत्र में देवानंद वर्मा के कब्जे से 3.600 बल्क लीटर मध्यप्रदेश निर्मित विदेशी मदिरा गोवा जप्त किया गया। आबकारी अधिनियम की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जमानत पर छोड़ा गया।इसी प्रकार आबकारी उप निरीक्षक वृत्त राजनांदगांव ग्रामीण श्रीमती तुलेश्वरी देवांगन एवं मुख्य आरक्षक श्री मिलाप मण्डावी, श्री किशोरी कोर्राम, श्री दीपक सिन्हा के दल ने पथरा नवागांव नाला के पास अज्ञात 10 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब, लगभग 50 किलोग्राम महुआ लाहन एवं



निर्माण सामग्री आबकारी अधिनियम की धारा के तहत जप्त किया गया। अवैध मदिरा विक्रय की रोकथाम हेतु होटल ढाबों एवं मदिरा दुकानों का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आबकारी द्वारा सभी वृत्त प्रभारियों को होटल ढाबों की नियमित जांच और अवैध मदिरा विक्रय के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये है।

# राजनांदगांव चैंबर द्वारा पहलगाम में आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की मांग

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ़ कॉमर्स



राजनांदगांव द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति 1 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई तत्पश्चात राजनांदगांव कलेक्टर को देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ख़त लिखकर आतंकवादीऔ के खिलाफकड़ी से कड़ी कारवाही करने की मांग की गयी चैम्बर ऑफ़कॉमर्स के अध्यक्ष श्री शरद अग्रवाल चैम्बर के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री आलोक बिंदल प्रदेश मंत्री श्री तरुण लहरवानी श्री वाधवा जी राजा माखीजा जी राजेश डागा जी राजकुमार बाफ्ना सूरज खंडेलवाल भागचंद गिड़िया राजेश अग्रवाल योगेश खत्री जितेश पटेल हर्ष पटेल अमित खंडेलवालअरुण खंडेलवाल प्रकाश वाधवानी उपस्थित थे।

# स्वामी इन्द्रदेव सरस्वती महाराज का नगर आगमन आज

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** देश के प्रसिद्ध संत परम पूज्य स्वामी श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर इन्द्रदेव सरस्वती जी महाराज का 24 अप्रैल पहली बार नगर आगमन हो रहा है। वे सायं 5 बजे नगर पहुंचेगे, इस दौरान उनका नगर के प्रवेश द्वार पर बिजली ऑफिस के पास भव्य स्वागत किया जायेगा। पश्चात् वे यहां अपने परम शिष्य सुरेश पुरी स्वामी के निवास स्थान साकेत धाम के पास , वार्ड नं. 11 में पहुंचकर भक्तों व अनुयाईयों से भेंट करेंगे। इस संबंध में सुरेश पुरी ने बताया कि संत श्री के आगमन पर उनके निवास स्थान में भव्य गुरूचरण पूजन का कार्यक्रम रखा गया है। इसके अलावा स्वामी नगर सहित अंचल के समस्त भक्तों से भेंट मुलाकात भी करेंगे। उन्होनें सभी श्रद्धालुओं से पूज्य महाराज के दर्शन व आशीर्वाद हेतु अधिकाधिक संख्या में पहुंचने का अनुरोध किया है।



# भानपुरी में जल संरक्षण के लिए हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा

**राजनांदगाँव (नांदगांव टाइम्स)।** भानपुरी में जल संरक्षण के लिए हरियाली बहिनी नीर और नारी जल यात्रा एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया । भरी तपती धूप में जल यात्रा निकाली गयी, भारी जोश से पानी बचाने की नारा के साथ बड़ी संख्या में रैली निकाली गयी इस दौरान पदमाश्री फुलबासन यादव, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन, सरपंच प्रभा वैष्णव, अगासिया साहू, खिलेश्वरी साहू, ग्राम पंचायत के पदाधिकारी पंचायत सचिव माँ बम्लेश्वरी समूह, बिहान समूह, बिहान केडर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें । कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पदमाश्री फुलबासन यादव ने कहा कि जल के बिना जग सुना है, अब जाग जाओं, पानी के बिना जीवन जीना असंभव है । इसलिए पूरे सामुदाय को आगे आने की जरूरत है, राजनांदगाँव जिले में बहुत क्षेत्र में पानी के अभाव के चलते धान की फसल को काफी क्षति हुई है आने वाले समय रबी में बिल्कुल धान न ले उसके बदले में कम पानी वाले अन्य फसल ले । फसल चक्र जरूर करें, ताकि जमींन की उर्वर शक्ति बनी रहें । शिवकुमार देवांगन ने बताया कि पिछले वर्ष 15 हजार आम पौधें लगायें गये जो अभी 13 हजार पौधें बचें हुए है इसी को देखते हुए आम की उच्च क्वालिटी केसर आम कम कीमत में गाँव-गाँव में उपलब्ध कराई जायेंगी । इसके लिए महिलाएं सूची तैयार कर रही है । आम पौधें के लगाने से कई फायदें है, एक तो पैसा, ऑक्सीजन, तापमान को कंट्रोल करेगा । आज राजनांदगांव जिला विश्व के सातवाँ अधिक तापमान में शामिल है ।




# स्वास्थ्य विभाग द्वारा 148 आवेदनों का हुआ निराकरण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार 2025 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि सुशासन तिहार अंतर्गत प्रथम चरण में स्वास्थ्य विभाग को मांगों से संबंधित 393 एवं शिकायत से संबंधित 12 आवेदन प्राप्त हुए है। जिसका प्रभावी ढंग से नियमानुसार निराकरण किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न मांगों से संबंधित कुल 148 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है। साथ ही शासन द्वारा संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी स्तरों पर व्यापक प्रचार-प्रसार कर हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।



# पोषण मार्गदर्शिका पर प्रशिक्षण एवं बैठक सह कार्यशाला का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष में पोषण मार्गदर्शिका पर प्रशिक्षण एवं आवश्यक जानकारी देने हेतु बैठक सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के समन्वय से ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण पर विस्तृत जानकारी देने के लिए पोषण मार्गदर्शिका तैयार किया गया है। उन्होंने सामुदायिक संवर्गों, अधिकारी व कर्मचारियों को पोषण मार्गदर्शिका का समुचित उपयोग कर जिले अंतर्गत ग्रामीण गर्भवती महिलाओं, नवविवाहित महिलाओं, माताओं तथा बच्चों के सुपोषण के संबंध में जानकारी लेते हुए सुपोषण हेतु चलाये जा रहे अभियान एवं कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत ने एनआरएलएम तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को पोषण मार्गदर्शिका के सभी अध्यायों पर आवश्यक जानकारी सह प्रशिक्षण प्रदान करने कहा। उन्होंने पोषण मार्गदर्शिका का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में स्वसहायता समूहों तथा ग्राम संगठनों की बैठक एवं पालक व परिवार चौपाल में वाचन कर जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक करने के लिए निर्देशित किया।बैठक सह कार्यशाला में न्यूट्रिशन अधिकारी श्री महेंद्र प्रजापति द्वारा विस्तारपूर्वक महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य, खान-पान तथा पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदाय की गई। इस दौरान जिला पंचायत राजनांदगांव द्वारा एनआरएलएम के सामुदायिक संवर्गों, आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों को पोषण मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। बैठक सह कार्यशाला में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास श्रीमत गुरप्रीत कौर, यूनिसेफ राज्य कार्यालय रायपुर के न्यूट्रिशन ऑफिसर (पोषण अधिकारी) श्री महेंद्र प्रजापति, एनआरएलएम जिला पंचायत से जिला मिशन प्रबंधक श्री पिनाकी डेसरकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री देवेंद्र सेन एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com